# DAV PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT, BHUBANESWAR

## SAMPLE QUESTION FOR HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23

- Check that this question paper contains 6 printed pages.
- Check that the question paper contains 12 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15minutes time has been allotted to read this question paper. The question
- paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the script during this period.

**CLASS: VI,SUB: HIGHER HINDI**

**Time Allowed: 3 Hours** **Maximum Marks : 80+4**

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्न पत्र में पाँच खंड हैं क,ख,ग,घ ड़,।
- खंड 'ड़' में अच्छा पाठक बोनस योजना पर आधारित प्रश्न दिए गए हैं ।
- इस प्रश्न पत्र में 13 प्रश्न हैं ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने से पहले,क्रम संख्या अवश्य लिखें ।

### खंड क

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1X5=5)**

लालबहादुर शास्त्री का जन्म २ अक्टूबर १९०४ को वाराणसी के निकट मुगलसराय में एक निर्धन परिवार में हुआ था । सुख तो शायद इनके भाग्य में आरंभ से ही नहीं लिखा था। इनके पिता शारदा प्रसाद एक साधारण अध्यापक थे। जब लालबहादुर केवल डेढ़ वर्ष के थे, तब इनके पिता की मृत्यु हो गई आर्थिक कठिनाइयों से घिरे, पिता के स्नेह से वंचित शास्त्री जी की शिक्षा बहुत कष्टमय स्थिति में हुई। बड़ी कठिनाई से मैट्रिक पास करने के बाद इन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। फिर गांधीजी की पुकार पर ये देश के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। इन्होने अनेक बार जेल यात्रा भी की। इस प्रकार इनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत हुई। 'जय जवान, जय किसान' का नारा देने वाले शास्त्री जी का संपूर्ण व्यक्तित्व व जीवन अनूठा था।

क. लालबहादुर शास्त्री का जन्म कहाँ हुआ था ?

ख. शास्त्री जी किससे वंचित रहे ?

ग. लालबहादुर शाखी किससे प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े ?

घ. शास्त्री जी ने कौन सा नारा दिया था ?

ङ. प्रस्तुत गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1x5=5)**

कार्टूनों की अपनी दुनिया है, ठीक मनुष्यों की दुनिया की तरह लुभावनी है। कार्टून ऐसा चित्र होता हैं, जिसे देखकर मन खुश हो जाता है। आजकल तो कार्टूनों के माध्यम से अनेक तरह के रोचक कार्यक्रम दिखाए जाने लगे हैं। कार्टून बच्चों को ही नहीं बड़ों को भी अच्छे लगते हैं। नीरस और उबाऊ विषय भी कार्टून के द्वारा सरस व रोचक बन जाते हैं। इसलिए बच्चे कार्टून की किताब मिलते ही उस पर झपट पड़ते हैं और जब तक वह खत्म न हो जाए, पढ़ना, खेलना, सोना यहाँ तक कि खाना भी भूल जाते हैं। जब ये कार्टून दूरदर्शन पर दिखाए जाते हैं, तो इन जीते जागते, हँसते-बोलते कार्टूनों में सब खो जाते हैं।

क. कार्टून क्या होते हैं ?

ख. कार्टून की दुनिया कैसी होती है ?

ग. कार्टून सबको इतने अच्छे क्यों लगते हैं ?

घ. कैसे विषय कार्टून के द्वारा सरस व रोचक लगते हैं

ङ. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

## खंड ख

**प्रश्न-3 (क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (1x2=2)**

i) मानव ii) जीवन

**(ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदल कर लिखिए। (1x2=2)**

i) बात ii) कहानी

**(ग) निम्नलिखित शब्दों पर उचित स्थान पर अनुस्वार और अनुनाकसिक लगाए। (1x2=2)**

i) आधी ii) पख

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों में जातिवाचक संज्ञा पहचान करलिखिए । (1x2=2)**

i) वे कुर्सी पर बैठ गए।

ii) ज्यादा काम करने से मुझे थकावट हो रही है ।

**(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को पहचानकर उसका भेद लिखिए। (1x2=2)**

जिसकी लाठी उसकी भैंस।

(च) **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।** **(1x2=2)**

i) जिसके आने की तिथि निश्चित न हो।

ii) जिसका मूल्य बहुत अधिक हो।

(छ) **निम्नलिखित शब्दों में 'र' का उचित प्रयोगकर लिखिए।** **(1x2=2)**

i) डम ii) पव

(ज) **निम्नलिखित शब्द का दो पर्यायवाची लिखिए।** **(1x2=2)**

i) रात ii) शरीर

(झ) **निम्नलिखित विराम चिह्नों को पहचानकर नाम लिखिए व वाक्य में प्रयोगकर लिखिए।** **(1x2=2)**

( । )

(ञ) **निम्नलिखित अनेकार्थी शब्द के दो अर्थ लिखिए।** **(1x2=2)**

सोना

**खंड ग**

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए।** **(2x3=6)**

(क) आप अपना साथी किसे मानते हैं और क्यों

(ख)सज्जन व्यक्ति किस के लिए धन संचय करते हैं और क्यों?

(ग) रहीम ने अपने मन की बात मन में ही रखने के लिए क्यों कहा?

**प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 4 से 5 वाक्यों में लिखिए।** **(1x4=4)**

(क) साथी हाथ बढ़ाना कविता के कवि कौन है? और कविता से क्या सीख मिलती है?

(ख) दोहे किसके द्वारा लिखे गए हैं? पेड़ और तालाब के कार्यों से आपको क्या क्या सीख मिलती है?

**प्रश्न6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए।** **(2x3=6)**

(क) गुलदस्ता न जाने को कविता सिखाने से पहले क्या पढ़ना चाहता था?

(ख) राजा भेष बदलकर क्यों घूमता था?

**(ग)** हिमपात कहां और कब होता है?

**प्रश्न7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(3x3=9)**

(क) रहीम ने अपनी मन की बात मन में ही रखने को क्यों कहा?

(ख) सत्यपाल क्या बेचता था और क्यों?

(ग) सुंदरलाल ने वृक्षों की कटाई रोकने के लिए क्या-क्या कार्य किए?

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए।** **(1x5=5)**

(क) हमें कुछ भी नया सीखने के लिए किन-किन गुणों को अपनाना चाहिए?

(ख) हमें जल का संरक्षण कैसे करना चाहिए?

## खंड घ

**प्रश्न 9 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** **(5)**

(क)मेरा प्रिय त्योहार (ख) प्रिय ऋतु (ग)परिश्रम का महत्त्व

**प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर आवेदन पत्र लिखिए।** **(5)**

(क) दो दिन अवकाश लेने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

(ख) पूर्ण गणवेश में न आने पर कक्षाध्यापिका को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए।** **(5)**

(क) पुस्तक माँगने को लेकर एक छात्र और छात्रा के बीच हुए संवाद को लिखिए।

(ख) चिड़िया के घोंसले के बारे में बात करते हुए भाई और बहन के बीच संवाद को लिखिए।

**प्रश्न12 दिए गए चित्र को देखकर 40 से 50 शब्दों में वर्णन लिखिए ।** **(5)**



## खंड -ड़

**13 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(1x4=4)**

क नानी ने 'आर.के.नारायण' को किसकी कहानी सुनाई ?

ख लेखक को कितने तक पहाड़े याद करने होते थे ?

ग विजयनगर की राजधानी क्या थी ?

घ तेनालीराम किसे तालाब में नहलाने के लिए ले जाते हैं?

*******************